बारिश में नहीं थमेगा मेट्रो-3 वर्क

12% बचा है निर्माण कार्य, सितंबर तक पूरा करने का लक्ष्य

■ **वसं, मुंबई :** इस मॉनसून मेट्रो-3 के निर्माण कार्य में बारिश बाधा नहीं बनेगी। चूंकि, अब मेट्रो का निर्माण कार्य सिर्फ 12 पर्सेंट बचा है, ऐसे में प्रशासन ने इसे सितंबर तक पूरा करने की तैयारी कर ली है। मेट्रो साइट को बारिश की पानी से बचाने के लिए प्रशासन ने 371 डी वॉटरिंग पंप की व्यवस्था की है। हल्की बारिश से लेकर मूसलाधार बारिश होने पर भी चंद मिनटों में पानी को साइट से दूर रखने के लिए 1.5 एचपी से 75 एचपी के पंप की व्यवस्था की गई है। साथ ही पानी के निकासी की पाइप लाइन को साफ़ किया जा रहा है।

टनलिंग का काम पूरा हो गया है।

स्टेशन परिसर भी बनकर तैयार है।

फेज - 1

ओवरऑल	88.2%
टनलिंग वर्क	100%
स्टेशन सिवल वर्क	93.4%
ओवरऑल सिस्टम वर्क	66.7%
ट्रैक	89.5%

फेज - 2

ओवरऑल	77.3%
टनलिंग वर्क	100%
स्टेशन सिवल वर्क	88.7%
ओवरऑल सिस्टम वर्क	43.3%
ट्रैक	46%

मुंबईकरों को दिसंबर से भूमिगत मेट्रो में सफर करवाने के लिए प्रशासन अब केवल 12 कदम ही दूर है। आरे से बीकेसी के बीच मेट्रो सेवा शुरू करने के लिए 88.2 प्रतिशत तक काम पूरा कर लिया गया है। तय समय पर सेवा शुरू करने के लिए मानसून के दौरान जारी निर्माण की रफ्तार को बरकरार करना बेहद जरूरी है। मेट्रो-3 कॉरिडोर के तहत जमीन से करीब 15 से 20 मीटर नीचे मेट्रो मार्ग तैयार किया जा रहा है। कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच 33 किमी लंबा मेट्रो मार्ग तैयार किया जा रहा है। सरकर ने मेट्रो सेवा की शुरुआत दो फेज में करने का फैसला लिया है। इसके तहत दिसंबर 2023 में आरे से बीकेसी और बीकेसी से कफ परेड तक जून 2024 से सेवा शुरू करने की योजना है। पहले फेस में 12.22 किमी रूट पर मेट्रो दौड़ने के लिए ट्रैक पिछले का काम करीब 89.5 फीसदी तक कर लिया गया है।